राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 26 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं के विरुद्ध द्वेषपूर्ण कार्यवाही की जा रही है तथा जनहित के मुद्‌दों को उठाने वाले विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने की नीति के अनुसरण में ईडी द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी को तथ्यहीन एवं निराधार आरोपों के तहत नोटिस दिया गया है, जिसके विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आज शहीद स्मारक, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा, जयपुर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के प्रिय भजन गाकर शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया।

सत्याग्रह के पश्चात् राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि देश में बढ़ती हुई मंहगाई, बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्‌दों को संसद में विपक्षी नेताओं द्वारा उठाने से केन्द्र सरकार द्वारा रोका जा रहा है तथा जनता की आवाज उठाने वाले विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने के लिये भाजपा की केन्द्र सरकार ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता महात्मा गाँधी, पं. जवाहरलाल नेहरू जैसे महान् स्वतंत्रता सैनानियों की विचारधारा के अनुयायी हैं जो केन्द्र सरकार द्वारा किये गये किसी भी अत्याचार से झुकेगें नहीं। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने की नीति के अनुसरण में केन्द्र सरकार के ईशारे पर ईडी द्वारा पहले कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी को और अब कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी को तथ्यहीन आरोपों में नोटिस प्रदान किया गया है जबकि नेशनल हैराल्ड प्रकरण में ना तो कोई लेन-देन हुआ, ना ही किसी प्रकार की अनियमितता कांग्रेस नेताओं एवं अथवा किसी अन्य ने की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार चाहे जितने जुल्म कांग्रेस नेताओं पर करे, कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता देश के लोकतंत्र एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिये संघर्ष करना नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता केन्द्र सरकार की संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग करने की नीति के विरूद्ध हर प्रकार का संघर्ष करने के लिये तैयार एवं तत्पर हैं। उन्होंने कहा

2..........

Created by Universal Document Converter

कि केन्द्र की भाजपा सरकार को जिस प्रकार देश के किसानों से माफी मांगनी पड़ी थी, उसी प्रकार कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के लिये भी देश से माफी मांगनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक कि वर्ष 2024 में केन्द्र की सत्ता से भाजपा की तानाशाही सरकार की विदाई नहीं हो जाती है।

सत्याग्रह में राजस्थान सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण/विधायक प्रत्याशीगण, सांसद/सांसद प्रत्याशीगण, कांग्रेस पदाधिकारीगण, निगम/बोर्डों के अध्यक्षगण व उपाध्यक्षगण, नगर निकायों व पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधिगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter